पुलिस ने छात्रा को पहुंचाया परीक्षा सेंटर, चेहरे पर खुशी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) दिल्ली पुलिस "दिल की पुलिस" लोगों की मदद करने में कभी भी पीछे नहीं हटती है। रविवार को दिल्ली पुलिस ने कुछ ऐसा ही कर एक छात्रा के चेहरे पर खुशी लौटा दी। दरअसल, छात्रा काफी देरी से अपने पिता के साथ रानी खेड़ा स्थित महादेव एग्जाम सेंटर की तलाश कर रही है, लेकिन उन्हें सेंटर नहीं मिल रहा था। इसी दौरान उन्हें एक पीसीआर वैन दिखाई दी, जिसके बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों से मदद मांगी। पुलिसकर्मियों ने कुछ ही देर में उन्हें एग्जाम सेंटर पर पहुंचा दिया। इसके बाद दोनों के चेहरों पर मुस्कान लौटी। छात्रा ने पुलिस वालों के साथ मोबाइल फोन से एक सेल्फी खींची और पुलिस वालों को धन्यवाद किया।

पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने बताया कि रविवार ईआरवी पर तैनात एएसआई विजय कुमार और कांस्टेबल राजीव की ड्यूटी सुबह आठ से शाम चार बजे तक मुंडका रानी खेड़ा इलाके में थी। वह इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे



थे। तभी उनके पास छात्रा मेघा शर्मा और उसके पिता गोपाल शर्मा आए। दोनों काफी परेशान थे। उन्होंने बताया कि वे इंदिरापुरम गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से आए है। उनका एग्जाम सेंटर रानी खेड़ा स्थित महादेव एग्जाम सेंटर है। तलाशने पर भी उन्हें सेंटर नहीं मिल रहा है। इसके बाद पुलिस ने दोनों को तुरंत अपनी ईआरवी वैन में बैठाकर समय रहते एग्जाम सेंटर पर पहुंचा दिया।